हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली उत्कृष्ट ...





14 लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल ...






नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# नवरात्रि आज से, जगमगाएंगे आस्था के जोत, 9 दिन शक्ति की भक्ति में डूबे रहेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज ज्योति कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इसके साथ ही जहां मंदिरों में पूरे 9 दिन मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाएगी, वहीं माता दुर्गा की प्रतिमाएं जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के पंडालों में विराजमान होंगी। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। मां शैलपुत्री, देवी दुर्गा के नौ रूपों में से पहला रूप है, मां शैलपुत्री को वृषारूढ़ा और उमा के नाम से भी जाना जाता है। जिला मुख्यालय में 10 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर समितियों द्वारा देवी दुर्गा की विशाल प्रतिमाओं की स्थापना आज की जाएगी।

## जिलेभर में पूरी हुई तैयारी, मंदिरों की साज-सज्जा सहित जगह-जगह सजे पंडाल



### आज से 9 दिनों तक जलेगी मनोकामना ज्योति

आज से गंगा मैय्या मंदिर, सियादेवी, रानीमाई, शीतला मंदिर, चंडी मंदिर, महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ तीन हजार से अधिक मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। आने वाले 9 दिनों तक ज्योति निरंतर जलती रहेगी। नवरात्रि के अंतिम दिन ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया जाएगा।



शहर के पुराना बस स्टैंड में विराजमान होने वाली देवी दुर्गा की प्रतिमा को एक दिन पहले ही बुधवार को बाजे गाजे के साथ पूरे शहर का भ्रमण कर पंडाल के पास लाकर रखा गया है। आज विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

**पंडालों को दिया आकर्षक रूप:** शहर में देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समितियों द्वारा माता के आसन को सजाने व आस पास के जगह को भव्य रूप से सजाने पंडाल बनाए गए हैं। पंडाल में रंगबिरंगी लाइटें भी लगाई गई हैं, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। आज से पंडालों में व देवी मंदिरों में अलग-अलग मंडलियों द्वारा जसगीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### समस्या : सड़क निर्माण के दौरान निकाले गए थे कैमरे और सिग्नल

# नगर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे ट्रैफिक सिग्नल बंद, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हैं। लेकिन, इन्हें शुरू करने के लिए प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालांकि सड़क निर्माण के बाद पुनः व्यवस्थित करने की बात कही गई थी, लेकिन सड़क बनने के कई महीने बाद भी सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हुए हैं।

- कंपनी और अधिकारियों ने सड़क निर्माण के बाद शुरू करने का दिया था आश्वासन

नेशनल हाईवे सड़क निर्माण के दरमियान सड़क में लगे सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लाइट को निकाल दिया गया था। उन्हें सड़क बनाने के बाद लगाने की बात कही गई थी, लेकिन सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद भी सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लाइट बंद पड़े हैं। अब तक शुरू नहीं हो सका है। इसके कारण लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। वहीं, सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं, आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो जाते हैं, जिनकी पहचान मुश्किल हो रही है।

निर्माण पूर्ण होने के महीनों बाद भी पटरी पर नहीं आई व्यवस्था



### फिर नहीं लगाया कैमरा

जिला मुख्यालय के दल्ली चौक और झलमला चौक में लगे सीसी टीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लाइट को निकाला गया था, जिसे अब तक नहीं लगाया गया है जिसके कारण मुख्य सड़क में रोजाना सैकड़ों लोग ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर मनमर्जी तरीके से वाहन चलाते हुए साथ आना जाना करते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यदि प्रशासन द्वारा ट्रैफिक सिग्नल लाइट को पुनः व्यवस्थित कर लगाया जाए तो राहगीरों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना पड़ेगा, जिससे यातायात व्यवस्थित व सुदृढ़ हो सकेगी। इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

# राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे अर्जुंदा के तीन बच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालोद जिले के नगर अर्जुंदा से तीन बच्चों का चयन हुआ है।

- वेटलिफ्टिंग के लिए चंचल, रोहन और अंजलि का हुआ चयन

23 से 26 सितंबर को हुई ओपन वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले से एकमात्र खिलाड़ी चंचल रावटे पिता सुरेश रावटे ग्राम बोरगाहन अर्जुंदा से चयन हुआ है। वहीं, रोहन एवं अंजलि का दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बच्चों के कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता हिमांचल प्रदेश के नागरोटा में 6 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगी। जिसमें बालोद जिले की एकमात्र खिलाड़ी चंचल जो ओपन नेशनल में 40 किलोग्राम भाग वर्ग में प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही स्कूल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### रामधुनी मंडली कन्हारपुरी का कार्यक्रम आज

**गुरूर।** ग्रामीण सुरक्षा एवं विकास समिति ग्राम बोड़रा द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व पर ग्राम बोड़रा में देवी पूजन एवं ज्योति कलश स्थापना की जा रही है। इसके तहत 3 अक्टूबर को दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन समारोह में दाई के दुलार रामधुनी मंडली ग्राम कन्हारपुरी का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू होंगे, अध्यक्षता नंदलाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि राजेन्द्र साहू, नरेश साहू, श्यामलाल सिन्हा, घनश्याम साहू, अध्यक्ष सिन्हा समाज ईश्वर लाल सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### शराब की अवैध बिक्री करते युवक पकड़ाया

**बालोद।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम निपानी में शराब की अवैध बिक्री करते एक युवक को 17 नग देशी पौवा के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम निपानी में काफी लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की शिकायत सामने आ रही थी। शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम निपानी में चौक के पास एक होटल पहुंची, जहां गांव के ही अजय बंजारे नामक युवक को 17 नग देशी पौवा के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया था, जिसके कारण शराब दुकाने बंद रहीं। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम निपानी, जगन्नाथपुर, मालीघोरी क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हुई। कोचियों ने 200 रुपए प्रति पौवा की दर से शराब बेची।

# जन मुक्ति मोर्चा ने मनाया शहादत दिवस, निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने दल्ली राजहरा में शहीद दिवस मनाया। शहीद कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी को 28 सितंबर 1991 की रात भिलाई स्थित उनके निवास स्थान पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के विरोध में जन मुक्ति मोर्चा (छ.ग.) द्वारा प्रति वर्ष शहीद कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस पर जन प्रतिरोध रैली व आमसभा का आयोजन किया जाता है।

इस जन प्रतिरोध रैली में बालोद, मोहला मानपुर चौकी, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, जिले के छात्र युवा, बेरोजगार, किसान मजदूर, बुद्धिजीवी, के साथ आम जनता सम्मिलित हुए। यह जन प्रतिरोध रैली नगर के मुख्य मार्ग से होकर पुराना बाजार महुआ चौक, शहीद वीर नारायण चौक पहुंची। वहां छत्तीसगढ़ के वीर पुत्र शहीद वीर नारायणसिंग की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद रैली गुप्ता चौक पहुंची, नया बस स्टैण्ड शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक पहुंची, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद रैली जैन भवन चौक पर ही शाम 5 बजे आम सभा में परिवर्तित हुई। इस दौरान जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ से सम्बद्ध नवाबिहान के साथी चन्द्रशेखर यादव व साथियों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार ने आरोप लगाया कि बस्तर में आदिवासी बहू-बेटियों, आम जनता के साथ अन्याय हो रहा है। रैली में मुख्य आशागुहा नियोगी, आजू राम साहू, बरसन नेताम, अशोक साहू, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा गुरुर ओम प्रकाश साहू, सरपंच करुटोला तुलसी मरकाम, मैनी कचलाम ने अपनी बात रखी।



कार्यक्रम में शहीद शंकर गुहा नियोगी के भांजे सौमिक गुहा रॉय, सुदेश, दिलीप बघेल, डॉ पवित्र कुमार गुहा, क्रांति गुहा नियोगी, सीताराम कोसमा, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक मेकदास वैष्णव के साथ जन मुक्ति मोर्चा से जीत गुहा नियोगी, मूलचंद चंदेल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।







## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


### फौती काटने रिश्वत मांगने की शिकायत पटवारी और कोटवार को नोटिस

**बालोद।** ग्राम करहीभदर निवासी कृषक शिव कुमार पटेल द्वारा फौती काटने में विलंब होने व पटवारी तथा कोटवार द्वारा 5000 रुपए की मांग किए जाने संबंधी हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशित होने के बाद पटवारी व कोटवार को नोटिस थमाया जा रहा है। मामले में जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने की बात प्रशासन कर रहा है। इस संबंध में बालोद तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि उक्त नामांतरण का आदेश नायब तहसीलदार द्वारा 25 सितंबर को किया जा चुका था। वहीं, पटवारी द्वारा ऑनलाइन अभिलेखों में सुधार भी किया जा चुका है। मामले में करहीभदर के पटवारी वीरेंद्र साहू द्वारा किसान से किसी राशि की मांग से इंकार किया गया है। एसडीएम के निर्देश पर उक्त पटवारी व कोटवार को नोटिस जारी किया गया है। शिकायतकर्ता से पूरी जानकारी लेकर निष्पक्ष परीक्षण किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने के लिए एसडीएम को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर बेलमांड में महाप्रसादी सेवा आज से

**बालोद।** आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा प्रतिपदा से अष्टमी तक चलने वाली गंगा मईया निःशुल्क महा प्रसादी सेवा आज आस्था की जोत प्रज्वलित होने के साथ प्रथम दिन से ही शुरू हो जाएगी। इस बार भी महाप्रसादी सेवा में पर्यावरण संरक्षण के लिए डिस्पोजल, प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए यह सेवा आयोजित होगी। समिति द्वारा आयोजित होने वाली यह तीसरी नवरात्रि है। महाप्रसाद सेवा की तैयारी में पुस्कर सिंह राज, दयालु राम चीराम, संतराम साहू, नरोत्तम साहू रमेश रावते, योगेश्वर यादव, फकीर राम, मुरलीधर साहू सहित सभी सेवाधारी सदस्य जुटे हुए हैं।

### उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई लोगों की बेचैनी

**डौंडीलोहारा।** सप्ताह भर पूर्व बरसात बंद होने के बाद अब लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 10 के बाद धूप की तीव्रता इतनी ज्यादा रहती है कि 10 मिनट धूप में खड़े रहने की हिम्मत नहीं हो पा रही है। पक्के मकानों में धूप की तपन इतनी रहती है, कि गर्मी के कारण पंखे की हवा भी काम नहीं पा रही है। लोगों को कूलर और एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। इस मौसम में कूलर और एसी चलने तथा उमस भरी गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं, जिसके कारण अस्पतालों में भीड़ देखने को मिल रही है। जब तक मौसम में ठंडकता नहीं आएगी, तब तक लोगों को चैन नहीं मिल पाएगी।

### मरकाटोला में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 8 को

**गुरूर।** ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम मरकाटोला में नव युवक समिति की ओर से 8 अक्टूबर को कंकालिन मैया प्रांगण में होने वाले देव दशहरा के पर्व पर राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 8000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 6000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 4000 रुपये, युगल नृत्य मे प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये रखा गया है।

### नवरात्रि के अवसर पर बंजारी धाम में होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** सिद्धि शक्ति मां बंजारी धाम श्री वटकेश्वर मनोकामना महादेव मंदिर में मां बंजारी धाम वटकेश्वर महादेव समिति द्वारा क्वांर नवरात्रि के अवसर पर प्रज्ज्वलित जोत जंवारा एवं गरबा नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत 3 अक्टूबर को सुबह 11:36 बजे मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। 7 अक्टूबर को पंचमी पूजा की जाएगी। 11 अक्टूबर को अष्टमी हवन एवं नवकन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। 12 अक्टूबर को विसर्जन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान 9 दिवसीय माता सेवा का आयोजन किया जाएगा। 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक 8 बजे से गरबा नाईट का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को महाप्रसादी अष्टमी भंडारा का आयोजन व 12 अक्टूबर को नवमी दशहरा का आयोजन किया जाएगा।

पेज 11 का शेष

### राष्ट्रीय स्पर्धा में ...

जो पाटन (जिला दुर्ग) मे 28 से 30 सितबर तक आयोजित हुई थी, जिसमें अर्जुंदा से रोहन खिलरिया, अंजलि देवांगन और देविका देशमुख ने भाग लिया। इनमें रोहन खिलरिया स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा ने गोल्ड मेडल, देविका देशमुख स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा सिल्वर मेडल एवं अंजलि देवांगन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके आधार पर रोहन एवं अंजलि का दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा के प्राचार्य नीलम कौर एवं नूतन गजेन्द्र पीटीआई अश्वनी पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, आधुनिक हथियार-उपकरण होंगे आकर्षण का केंद्र

## भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का सुनहरा मौका- बिग्रेडियर आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन, आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन सहित कई आधुनिक हथियार एवं उपकरण आकर्षक का केंद्र होंगे। बिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) ने कहा कि आम लोगों को भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का यह सुनहरा मौका है।

- युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेंगे

पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बिग्रेडियर ने कहा कि सशस्त्र सैन्य समारोह का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करना है। बिग्रेडियर ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक-सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े-बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी।

### खुखरी नृत्य की प्रस्तुति

समारोह में गेरनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होगी। आयोजन के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा सशस्त्र बलों में शामिल होने युवाओं के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



### भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे युवा- कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से कौशल दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

## आयोजन : नगर पंचायत द्वारा किया गया सम्मानित

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हुईं विविध स्पर्धाएं, विजेताओं को दिया गया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान विद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विजेताओं को नगर पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। इसके तहत शासकीय प्राथमिक शाला गुरूर से चित्रकला में प्रथम तुशारिका, द्वितीय गीतांजली, तृतीय वैष्णवी यादव रहे। रंगोली में प्रथम विनिष्का, द्वितीय चेतना, तृतीय दिव्या रहीं। शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गुरूर में चित्रकला में प्रथम लक्षी सिघारे, निबंध में प्रथम ईशा मण्डावी, रंगोली में प्रथम पूजा नेताम हैं। सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक शाला गुरूर से निबंध में डेविन साहू, चित्रकला में भूमिका खरे, रंगोली में जानवी ठाकुर है। स्वामी आत्मानंद अग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरूर से रंगोली में प्रथम रोशनी, भावना यादव, द्वितीय भूमिका खिलेश्वरी, तृतीय तुशारिका रहीं। वाद विवाद में प्रथम वीणा व गोपाल तथा द्वितीय जानवी रही। निबंध में प्रथम निकिता उईके, द्वितीय भूमिका भुआर्य रही। मैराथन में प्रथम आरती, द्वितीय चंचल रहीं। पोस्टर में प्रथम रश्मि पटेल, द्वितीय साक्षी साहू, तृतीय जान्हवी मंडावी रहीं। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर से रंगोली में प्रथम त्रिवेणी, द्वितीय हिमा रहीं। निबंध में प्रथम मिनाक्षी, द्वितीय हिमा रहीं। चित्रकला में प्रथम अजय कुमार, द्वितीय निकिता रही।

स्व डारन बाई तारम महाविद्यालय गुरूर से भाषण में प्रथम कामिनी, द्वितीय योजस्वी, तृतीय प्रवीन कुमार रहे। रंगोली में प्रथम लोकेश्वरी, द्वितीय पद्मावती, तृतीय किरण रही। पोस्टर में प्रथम खुलेश कुमार, द्वितीय प्रेमलाल, तृतीय सुनील कुमार रहे।

निबंध में प्रथम हेमलता पटेल, द्वितीय भूमिका, तृतीय खिलेन्द्र रहे। वाल पेंटिग में प्रथम सुनील कुमार, द्वितीय मुकेश कुमार रहे। नुक्कड़ नाटक में प्रथम लालिमा, दामिनी, दिव्या, देविका, धारिणी, मीनाक्षी, द्रोण कुमार, प्रवीन कुमार, मयंक कुमार, विकास कुमार, हिमांशु, करण कुमार रहे।





### मड़ियाकट्टा स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ समापन



डौण्डीलोहारा। विकासखंड आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर समापन किया गया। इस अवसर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।इसके साथ ही रैली निकालकर, पोस्टर बैनर, रंगोली, चित्रकला व नारा के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य उपस्थित रहे।





### बाजे-गाजे के साथ लाई गई माता दुर्गा की

**डौंडीलोहारा।** नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति पुराना बिजली ऑफिस पास बाजे गाजे के साथ माता दुर्गा की 15 फीट की मूर्ति स्थापना के लिए लाई गई। मूर्ति स्थापना का यह शानदार 52 वां वर्ष है। स्थापना के लिए माता की मूर्ति लाये जाने पर नगर में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# जिले में शुरू हुआ वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

2 अक्टूबर से जिले में वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 8 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसी बीच वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के पहले ही दिन राहगीरों को नेशनल हाइवे 930 पर ग्राम दैहान के पास वन्य प्राणी सियार व मोर दिखे, जिनका वीडियो भी बनाया और वह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

- पहले ही दिन सड़क किनारे राहगिरों को दिखे वन्य प्राणी

आपको बता दें कि बालोद-राजहरा मुख्य मार्ग पर बालोद शहर के पर्यावरण पार्क से ग्राम दैहान तक सड़क किनारे वन्य प्राणियों को विचरण करते आसानी से देखा जा सकता है। खासकर ठंड के दिनों में मोर, हिरण, नीलगाय, सियार सहित अन्य वन्य प्राणी सड़क पार करते हुए आसानी से राह चलते देखे जा सकते हैं।



ऐसे में सड़क पार करते वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी सावधानी पूर्वक वाहन चलाना चाहिए। वहीं, वन विभाग के अधिकारियों को भी इस ओर लोगों को सावधानी बरतने की अपील के साथ ही वन्य प्राणियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस दिशा में कोई ठोस पहल करने की जरूरत है।

# व्याख्याता एनुका ने माता की स्मृति में कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता एनुका शार्वा ने अपनी मां हेम शार्वा की स्मृति में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में नेवता भोज कराया। सहायक आयुक्त मेनका चंद्राकर तथा हॉस्टल अधीक्षक कामिनी पटेल से अनुमति लेकर सुश्री शार्वा ने पोस्ट मैट्रिक हॉस्टल की 70 छात्राओं समेत अपने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भोज कराया। छात्रावास अधीक्षिका कामिनी पटेल ने बताया कि इस तरह का यह पहला अवसर था जिसमें किसी शिक्षिका ने छात्रावास के बच्चों के लिए भोजन तैयार करवाया। बता दें कि इससे पहले भी सुश्री शार्वा अपनी माता की पुण्य तिथि पर बच्चों के लिए भोजन भेजा करती थीं। बालक शाला के प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने सुश्री शार्वा की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मां के ही संस्कार हैं, जो सुश्री शार्वा बच्चों के लिए इस प्रकार के आयोजन करती रहती हैं। इस अवसर पर साथ देने के लिए कोटेरा प्राचार्य अनिता सिंग, आरएन योगी, हेमंत साहू, डुप्ले साहू, भूपेन्द्र साहू, सीमा सुशील जामवंते सह परिवार और रोहिणी नायक, खेमन्त साहू, अनिल दिल्लीवार उपस्थित थे।



# तेल की कीमतें आसमान पर 1600 से 2200 तक पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में महंगाई का असर अब रसोई पर नजर आने लगा है, जिसके कारण परिवार का पालन पोषण करना तथा परिवार का खर्च उठा पाना मध्यम व गरीब वर्ग के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। बीते कुछ दिनों में रसोई से जुड़े खाद्य सामग्रियों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण घरों का बजट बिगड़ गया है।



होल सेल दुकानदारों से मिली जानकारी के अनुसार राइस ब्रान सहित सभी किस्म के तेल टिन की कीमत 2200 या उससे अधिक है, जिसे थोक विक्रेता 2175 रूपये में बेच रहे हैं। जबकि कुछ दिनों पहले तेल टिन की कीमत 1600–1700 रूपये के मध्य थी। लेकिन वर्तमान में तेल की कीमतों में जो बढ़ोतरी हुई है, वह लोगों को चौका देने वाली है। इसके अलावा लहसुन की कीमत कुछ दिनों पहले 40 रूपये पाव थी, जो अब 90 रुपये हो गई है। इसी तरह प्याज 60 रूपये किलो है, जबकि कुछ दिनों पहले 30 से 40 रूपये किलो था।

लोगों का मानना है कि नवरात्रि के दिनों में ज्योत जंवारा के लिए तेल की माँग बढ़ जाती है, जिसके कारण मूल्यों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि, जबकि दुकानदारों की माने तो तेल का आयात अन्य देशों से नहीं होने के कारण तथा कालाबाजारी के कारण तेल के मूल्यों में वृद्धि हुई है।

# शराब का अवैध परिवहन करते नाबालिग सहित दो पकड़ाए

**बालोद।** कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग कंपनियों की लगभग 6 हजार रूपए की शराब का परिवहन करते हुए एक नाबालिक सहित दो लोगों को पकड़ा है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार प्रकृति के आधार पर आरोपी एवं अपचारी को नोटिस देकर थाना तलब किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी एवं अपचारी बालक का प्रथम अपराध होना पाए जाने से दोनों को धारा 35(1) (बी) बीएनएसएस का चेक लिस्ट भरकर अपराध के प्रकृति के आधार पर गिरफ्तार नहीं कर दोनों को आवश्यक हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे ग्राम निपानी बस्ती के पहले मुख्य मार्ग पर आरोपी आर्यन सिन्हा पिता संतोष कुमार सिन्हा 19 वर्ष ग्राम बोरतरा थाना गुरूर और 16 वर्ष के एक अन्य बालक को रोककर पूछताछ कर उनकी तलाशी ली गई। इस दौरान गाड़ी में अलग-अलग कंपनियों की 55 पौवा शराब जब्त की गई थी।

# विभागीय गलती का खामियाजा भुगत रहे 533 बांडेड डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पदस्थापना के दौरान विभागीय त्रुटि की वजह से 69 हजार के बजाए 55 हजार वेतन वाले नियम के साथ जारी आदेश का खामियाजा 533 बांडेड डॉक्टर झेल रहे हैं।

त्रुटि सुधरवाने के लिए वे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक आदेश को संशोधित नहीं किया गया है। बांडेड डॉक्टरों के प्रतिनिधि पिछले दो दिन से यूडीएफए के बैनर तले स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्हें आश्वासन तो मिल रहा है, मगर त्रुटि सुधार का आदेश जारी नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, काफी इंतजार के बाद वर्ष 2018 बैच के चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किया गया था।

इसमें विभागीय त्रुटि हुई और पुराने नियम का उल्लेख था, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ किए जाने वाले डॉक्टरों को 55 हजार वेतन दिए जाने का जिक्र था, जबकि शासन द्वारा वर्ष 2023 में चिकित्सा अधिकारियों का मानदेय बढ़ाकर 69 हजार कर दिया गया था। प्रारंभ में ही इस त्रुटि से अधिकारियों को अवगत कराया गया, मगर अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है और चिकित्सा अधिकारी अपना वास्तविक वेतन पाने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय के गलियारों में भटक रहे हैं।

## संचालनालय ने दिया रीव्यू डीपीसी कराने का आदेश

# सीनियर को किनारे कर जूनियर प्रमोट, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा लिपिकों की डीपीसी कर वर्ष 2023 एवं 2024 में सीनियर लिपिकों को मौका दिए बगैर जूनियर लिपिक को पदोन्नति आदेश जारी किया गया। मामले की शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय को किए जाने पर मामले की जांच में इसे सही पाया गया। संचालनालय ने नियमानुसार रीव्यू डीपीसी करने का आदेश संभागीय संयुक्त संचालक को दिया है। पदोन्नति के लिए जो पदांकन सूची बनाई गई थी, उसमें ही गलत जानकारी दिए जाने से पदोन्नति में बड़ा खेल हुआ है। पूरा मामला अपने लोगों को लाभ पहुंचाने का है। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के बाद अप्रैल 2023 में पदोन्नति का आदेश जारी किया गया। आदेश जारी होने के बाद लिपिकों ने इस संबंध लोक शिक्षण संचालनालय को शिकायत की।

- मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए

शिकायत की जांच तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। जांच में यह पाया गया कि डीपीसी के पदांकन में जानबूझ कर गलत जानकारी दी गई और कई तथ्यों को छिपाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर डीईओ और उनके कार्यालय में स्थापना शाखा के प्रभारी लिपिक को इसका जिम्मेदार माना गया। मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए गए हैं।

### पोस्टिंग और पदांकन निरस्त करें

मामले में शिकायत करने वाले लिपिकों का कहना है कि रीव्यू डीपीसी से इसका कोई हल नहीं निकलेगा। उन्होंने मांग की है कि पदोन्नति के बाद जो पदास्थपना है, उसे निरस्त कर पदांकन सूची नए सिरे से बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहिए। उनकी मांग है कि जिन लोगों पर आरोप लगा है, उनको इससे अलग रखकर पूरी प्रक्रिया संचालनालय की देखरेख में होना चाहिए।

### डीईओ जायसवाल और लिपिक को नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के लिए तैयार की गई पदांकन सूची में गड़बड़ी की गई। मामले में चंद्रप्रकाश साहू स्थापना शाखा में पदस्थ थे। बनाई गई पदांकन सूची में तथ्यों को छिपाते हुए नियम विरुद्ध पदोन्नति में लापरवाही और अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया। वहीं डीईओ अभय जायसवाल को अप्रैल 2023 में नियम विरुद्ध डीपीसी कराकर पदोन्नति में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। संचालनालय ने 26 सितंबर को पत्र जारी करते हुए दोनों से जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि अभय जायसवाल राजनांगांव में डीईओ पदस्थ थे। वहां एक छात्रा को शिकायत करने पर धमकी देने के आरोप में वहां से हटाया गया था।

## खबर संक्षेप



### बैज को धान से तौलकर किया अभिनंदन

**रायपुर।** लगातार बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यवस्था, महिलाओं की असुरक्षा और हिंसक घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस की ओर से निकाली गई न्याय यात्रा मंगलवार को दोंदे पहुंची। इस न्याय यात्रा में लोहारीडीह हत्याकांड के पीड़ित परिवार पहुंचे और न्याय की मांग की। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को धान से तौलकर अभिनंदन किया। साथ ही सारागांव में 10 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर श्री वर्मा ने बताया कि मंच पर छत्तीसगढ़ के किसानों, अन्नदाताओं को श्रमसेवा के प्रतीक धान से तौला गया। कार्यक्रम में धनेंद्र साहू, मोहन मरकाम, छाया वर्मा, अनिता शर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, पंकज शर्मा आदि शामिल रहे।

### नवरात्रि पर जिन मंदिरों में ज्यादा भीड़, वहां एंबुलेंस

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में होने वाली भारी भीड़ के दौरान आपात व्यवस्था से निपटने स्वास्थ्य विभाग भी तैयारी में है। तमाम सीएमएचओ को आदेश जारी करने ज्यादा भीड़ वाले मंदिरों में एंबुलेंस और डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जारी आदेश में जिक्र किया गया है, स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने जिले में ऐसे स्थानों को चिन्हित करे, जहां नवरात्रि से लेकर विजयादशमी के बीच ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे स्थानों पर आवश्यकता के हिसाब से एंबुलेंस और डॉक्टरों की तैनाती की जाए। इसके अलावा जरूरी दवाओं के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की व्यवस्था भी वहां की जाएगी।

### सोहागा मंदिर को दी पांच लाख रुपए की दान राशि

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर प्रांगण में बन रही धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए पांच लाख रुपए की दान राशि मंदिर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की गई है। यह दान राशि ब्राह्मणपारा निवासी तिल्दाडीह वाले स्व. चंद्रिका प्रसाद पांडेय की स्मृति में पत्नी कांति बाई पांडेय निवासी सुंदरनगर ने दी है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने सहयोग राशि के लिए ट्रस्ट कमेटी कांति बाई पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन की कामना की है।

### बीजेपी सदस्यता महाभियान में महिला विंग बनी सदस्य

**रायपुर।** बीजेपी द्वारा सदस्यता महाभियान में मंगलवार को तेलीबांधा में बड़े पैमाने में महिलाओं ने सदस्यता ली। सभी ने अपने मोबाइल से नंबर डॉयल कर अपना प्रोफाइल डाटा भरा और बीजेपी की सदस्यता ली। इस महाभियान में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, तेलीबांधा मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, मधु बहादुर, कशिश खेमानी, रिया जयसिंघानी आदि शामिल हैं।

### स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर कुथरेल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़ा का 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समापन हुआ। ग्राम पंचायत कुथरेल में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता के लिए रैली निकालकर किया। स्वच्छता कार्यक्रम में आस-पास के ग्रामीण महिला समूहों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने स्वच्छता रंगोली एवं स्वच्छता प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण एवं अन्य गांव से आये हुए स्वसहायता समूह की महिलाओं को





प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत से स्वच्छता समूह वाली दीदिओं को जैकेट एवं स्वच्छता किट देकर सम्मान किया गया। किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड कांतिबाला प्रधान मंत्री जन औषधि की संचालिका द्वारा महावारी स्वच्छता के लिए सेनेटरी पैड देकर जागरूक किया गया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। साथ में स्वच्छता पखवाड़ा में ग्रामीण जन के साथ स्वच्छता शपथ का दिलाकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुथरेल को जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुथरेल सरपंच राजश्री चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख पूर्व सभापति प्रदीप कुमार चंद्राकर, उपसरंच लोमश चंद्राकर, टिकाराम साहू, अजीत चंद्राकर, तारकेश्वर चंद्राकार, चुम्मन चंद्राकर समस्त पंचगण, मितानिन, बिहान समूह की कार्यकर्ता, पीआरपी प्रभा साहू एफएल सदस्य पूर्णिमा साहू, ग्राम संगठन के अध्यक्ष संगीता चंद्राकर, छत्तीसगढ़ मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन अध्यक्ष राकेश कुमार कौशिक, ढ़ालसिंह चौहान, जिला अध्यक्ष, पुनीतराम सेन प्रदेश प्रभारी एवं समस्त संगठन के सदस्य संगठन द्वारा सम्मान किया गया। श्रीफल, मोमेन्टो व शॉल से हरिराम सेन चित्रकार भिलाई, रघुनाथ शिक्षक समाजसेवी, पूजा चंद्राकर जज एवं वृद्धजन तथा महिलाओं को श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया।

## मचौद में श्री सत्य साईं सेवा संगठन ने किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** समीपस्थ ग्राम मचौद में श्री सत्य सांई सेवा संगठन समिति बेलोदी की भजन मंडली द्वारा सत्य सांई भगवान में लीन भक्त स्व जगदीश प्रसाद चंद्राकर की श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, गुण्डरदेही, हल्दी, तमोरा, धुर्वाटोला, सोनपुर स्थानों से आए भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ श्री सत्य सांई आश्रम पुट्पर्थी से लाए वट वृक्ष पौधे को मंत्रोच्चार के साथ रोपण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कृष्णमूर्ति तिवारी, सांई समिति जिला अध्यक्ष संदीप नायडू, नागेश्वर केहरी, अनिल कटहरे, केशव राम साहू, लोचन सिन्हा, केश कुमार साहू, निहाल सिंह गंजीर, चूनू राम चंद्राकर सहित अनेक श्रृद्धालु उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन गांधी भवन से घड़ी चौक तक की गई सफाई



**बालोद।** जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया गया। अभियान के अंतिम दिवस भाजपा प्रमुखों, कार्यकर्ताओं के साथ नगरवासियों ने बुधवारी बाजार गांधी भवन से घड़ी चौक तक सफाई अभियान चलाकर व महात्मा गांधी को श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू, यशवंत जैन, शाहिद खान, पार्षद कमलेश सोनी, अमित चोपड़ा, सुरेश निर्मलकर, प्रतिभा चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक पूर्णानंद आर्य सहित नगर पालिका की स्वच्छता दीदियां एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# समय-सीमा पर पूरा करें जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में चल रहे जन्म–मृत्यु पंजीयन

- कलेक्टर चंद्रवाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्य की समीक्षा करते हुए नवीन सॉफ्टवेयर के माध्यम से समय–सीमा के भीतर शत प्रतिशत पंजीयन एवं शासन से प्राप्त निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार जिला योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि वर्तमान में नवीन पोर्टल अनुसार जिले के



समस्त 619 पंजीयन इकाईयों यथा ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद एवं समस्त शासकीय अस्पताल में जन्म–मृत्यु पंजीयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में जन्म मृत्यु पंजीयन का कार्य, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 संशोधित अधिनियम 2023 एवं छत्तीसगढ़ जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के तहत किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जन्म–मृत्यु की घटना का पंजीयन 21 दिवस के भीतर निःशुल्क कराया जा सकता है। 21 दिवस के पश्चात विलंबित पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों से जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक जन्म–मृत्यु की घटना को पंजीयन अवश्य कराने की अपील की जाती है। ज्ञातव्य हो कि जन्म–मृत्यु पंजीयन की वैधानिक मान्यता एवं उपदेयता सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेज में किया जा सकेगा।

# शीघ्र पूरा करें राशन कार्डों का नवीनीकरण

**बालोद।** जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडीलोहारा शिवनाथ बघेल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन दुकानदारों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसडीएम शिवनाथ बघेल ने दुकान संचालकों से माह सितंबर की खाद्यान्न डीडी की जानकारी ली। इस दौरान सहायक खाद्य अधिकारी धरमू किरंगे ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में 502 राशनकार्ड और नगर पंचायत में 152 राशन कार्ड का नवीनीकरण किया जाना शेष है। एसडीएम बघेल ने नवीनीकरण के लिए शेष रह गए राशन कार्ड को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राशन कार्ड हितग्राहियों के ईकेवाईसी के कार्यों की समीक्षा लेकर ईकेवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मृत, पलायन व्यक्तियों के नाम अतिशीघ्र विलोपित करने को कहा।





# डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें प्रभावी उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में जिले में डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दल्लीराजहरा सहित जिले के सभी नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जिले में डेंगू मलेरिया आदि बीमारियों के रोकथाम हेतु समाचार पत्रों तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम जनता को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आम नागरिकों को बीमारियों से बचाव के उपाय के संबंध में समुचित प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जागरूकता रैली आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने तथा बीमारियों से ग्रसित लोगों के समुचित ईलाज की भी पुख्ता उपाय करने को कहा।

- समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**धान खरीदी की तैयारियों की ली जानकारी:** बैठक में चन्द्रवाल जिले में 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी नगरीय निकायों में इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान चन्द्रवाल ने राज्य में 15 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागवार स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र के साथ–साथ स्कूली बच्चों का आय एवं निवास प्रमाण पत्र भी बनाने के भी निर्देश दिए।

#### सड़कों पर पशुओं के विचरण पर लगाएं रोक

बैठक में चन्द्रवाल ने राज्य शासन के निर्देशानुसार सड़क में घुमंतु पशुओं के विचरण के कारण होने वाली समस्याओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से आम जनता को इस समस्या से निजात दिलाने हेतु किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने घुमंतु एवं पालतु पशुओं को चिह्ति करने तथा इन पशुओं में रेडियम पट्टी लगाने के अलावा चरवाहों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उनका समुचित साफ–सफाई कराने के निर्देश भी दिए।

### नवरात्रि से पहले सुरक्षा व्यवस्था बनाने प्रशासन ने ली शांति समिति की बैठक

# गरबा में शामिल होने वाले लोगों की तलाशी लेकर ही भीतर जाने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवरात्रि पर्व के दो दिन पहले मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में पुलिस प्रशासन के एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ सहित यातायात प्रभारी व मंदिर समिति व पंडाल समितियों के सदस्यों सहित गरबा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने वाले समिति के लोग भी शामिल हुए।

- आयोजन समितियों को दिए वालिंटियर्स की मदद से विशेष निगरानी रखने के निर्देश

एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ ने कहा कि गरबा कार्यक्रम के दौरान समिति के लोग 10 लोगों की टीम वालिंटियर द्वारा जो भी युवक शामिल होंगे उनकी विशेष निगरानी रखें और तलाशी लेकर ही उन्हें





गरबा नृत्य में प्रवेश होने दें। उन्होंने कहा कि बिना पास या बिना आईडी के किसी भी व्यक्ति को गरबा नृत्य में शामिल होने न दें। इसी के साथ ही उन्होंने देवी मंदिरों के आसपास व गरबा नृत्य कार्यक्रम के आसपास गाड़ियां पार्किंग करने जगह बनाने की बात कही। गंगा मैय्या मंदिर में दर्शन करने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बालोद शहर से लेकर झलमला तिराहा चौक तक पूरे 9 दिनों तक भारी वाहनों, मालवाहक वाहनों का प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। उनके लिए अलग रूट तैयार किया गया है। झलमला चौक से पड़कीभाट चौक होते हुए पड़कीभाट पाररास बायपास मार्ग होते हुए आना-जाना करेंगे।


सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)



Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree n Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and 2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and 3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and 4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR 1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and 2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree n Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com



न्यायालय तहसीलदार गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/2128/वाचक/तह./2024
गुण्डरदेही दिनांक 23/09/2024
एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम तिलोदा को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आशीष कुमार पिता पीताम्बर कुमार ठाकुर अन्य 02 सभी जाति गोड़ निवासी वार्ड क्रमांक 01 ग्राम तिलोदा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. द्वारा अपने संयुक्त नाम पर मौजा तिलोदा प.ह.नं. 40 रा.नि.म. भाठागांव आर तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद स्थित भूमि खसरा नं. 101/1 रकबा 2.18 हे. भूमि में से 0.56 हे. भूमि को अपने पिता के ईलाज हेतु लिए गये कर्ज की अदायगी हेतु रूपयों की आवश्यकता के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्री वैभव कुमार पिता राजेश कुमार जाति कुर्मी निवासी वार्ड क्रमांक 08 तिलोदा तहसील गुण्डरदेही के पास विक्रय की अनुमति हेतु माननीय कलेक्टर महोदय बालोद के समक्ष प्रस्तुत आवेदन निम्न बिन्दुओं पर जाँच कर बिन्दुवार प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 23.10.2024 तक दावा /आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात आए दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2024 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक : 23-09-2024
पेशी दिनांक : 23-10-2024
मुहर
तहसीलदार
गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

खबर संक्षेप



## मोंहदीपाठ में मनाई गई गांधी जयंती

**बालोद/निकुम।** ग्राम मोंहदीपाठ के वार्ड क्रमांक 02 में आजादी के पर्व पर ग्राम के बुजुर्गों ने लकड़ी का स्तंभ रखा है। वहीं, बीते 2018 में महात्मा गांधी प्रतिमा रखी गई है, जिसमें सभी ग्रामीण मिलकर बड़े धूमधाम से गांधी जयंती मनाकर पूजा, अर्चना कर प्रसाद वितरण करते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक भावसिंह देवांगन ने कहा कि सब मिलकर संकल्प लेते हैं कि स्वच्छ गांव व स्वच्छ गांव बनाएंगे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मुकेश साहू, शिक्षक हेमंत देवांगन, एचएल साहू, मैनेजर लखन देवांगन, ऐनलाल साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक व आयुक्त ने किया श्रमदान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सुराना कालेज परिसर की सफाई की गई। विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित विधार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में हाथ में फावड़ा लेकर श्रमदान करते हुए अनावश्यक घास काटा और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक व आयुक्त ने निगम अमले, विधार्थियों के साथ सुराना कॉलेज परिसर से अनावश्यक झाड़ियों व पालीथिन प्लास्टिक, कचरा इकट्ठा कर कॉलेज परिसर को स्वच्छ बनाया गया।

## प्राचार्य एवं निगम के भृत्य को दी गई विदाई



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के दो कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सेवा निवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह का कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पार्षद ज्ञानदास बंजारे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम एवं अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में सेवानिवृत्त चंद्रशेखर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजुला गुप्ता व निगम कर्मी भृत्य श्रीमती शांति यादव को शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। विदाई समारोह में वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता हरिशंकर साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर, शशि यादव, राजू चन्द्राकर, क्षमा शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश अहीर, संतोष मिश्रा, विनोद उपाध्यय, लवकुश शर्मा, किरण अग्रवाल, योगेंद्र वर्मा, अनिल करिहार आदि मौजूद थे।

### देश के दो महापुरुषों की जयंती पर जिलेभर में जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम

# लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को किया याद, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

देश के दो महापुरुषों की जयंती पर जिलेभर में जगह-जगह विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के देश के लिए किए गए योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय बालोद में जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

▪ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय बालोद में हुई जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा

भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट पीसी मरकले के आदेशानुसार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद के प्राचार्य अरूण कुमार साहू, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में जिला स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिला संघ बालोद के जिला प्रशिक्षण आयुक्त भुवन सिन्हा, सीमा साहू समस्त विकासखंड सचिव डीडी साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, रूपेन्द्र सिन्हा, सेवाराम प्रेमन, संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे, लिली पुष्पा एक्का, गायत्री साहू, स्काउटर वाईपी गांगुली, नेमसिंह साहू, अजय ठाकुर, लक्ष्मण गुरुंग, बेनीराम साहू, गाइडर मधुमाला कौशल, कमला वर्मा, गायत्री देवांगन, पुष्पलता गंजीर साथ ही बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउटर गाइडर शिक्षक, स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया।



स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने विभिन्न वाद्य यंत्रों का वादन करते हुए इस प्रार्थना सभा को संगीतमय बना दिया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सामाजिक सद्भावना के साथ सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के बाद सभी पदाधिकारियों और बच्चों ने आयोजन स्थल से घड़ी चौक तक रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। घड़ी चौक के पास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने माल्यार्पण किया। उसके बाद स्वच्छता ही सेवा की थीम पर सरदार पटेल मैदान बालोद में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना सभी के मन में एक आत्मिक शांति प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना स्काउटिंग संस्कारों का एक अनिवार्य अंग है। यह सभी का सम्मान करना व सत्कर्मों पर चलना सिखाता है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव केएल गजेन्द्र तथा आभार प्रदर्शन डीटीसी भुवन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में डीओसी प्रेमलता चंद्राकर, ब्लॉक सचिव बालोद रुपेन्द्र सिन्हा हिमालय वुड बैज रोवर लीडर नेमसिंह साहू, संस्था के सर्विस रोवर्स, रेंजर के साथ स्काउटर, गाइडर का योगदान रहा।

## नगर पंचायत गुरूर में सफाई मित्रों का किया गया सम्मान



**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर में गांधी जयंती पर विविध आयोजन किए गए। प्रातः नगर के मुक्तिधाम में सफाई की गई। दोपहर में नगर पंचायत सभा कक्ष में स्वच्छता ही सेवा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदस्यों, छात्र-छात्राओं, पार्षदों व अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छ भारत मिशन में पिछले 10 वर्षों की उपलब्धि का विवरण और सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत गुरूर, अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद चंद्रलता साहू, चिन्ताराम साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुरूर श्रीनिवास पटेल, जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की दीदियां, नवीन महाविद्यालय के छात्र एवं स्वामी आत्मानंद के बच्चे उपस्थित थे।

## कोचवाही में मनाई गई गांधी जयंती



**गुरूर।** बुधवार को ग्राम पंचायत कोचवाही में गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वृद्धा पेंशन महिला पुरुष हितग्राहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लखन रावटे, ग्राम पटेल विष्णु कुंजाम, शीतला मंदिर पुजारी पवन यादव, रुपराय माहला, सीताराम शाडिल्य, राकेश राणा, सावित्री नेहरु, हेमबाई साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सचिव अंबिका कुंजाम, रोहित यादव, मनसुखा घरत, सेवती राणा, त्रिवेणी घरत, सुरेखाबाई, देवकी मंडावी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## गांधी जयंती के अवसर पर किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर सार्वजनिक स्थल अनुविभागी कार्यालय के पास 3 फीट ऊंचे बरगद पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी प्रमोद जैन, केशव राम साहू, भूषण दास, दिलीप कुमार, शुभम साहू, राहुल कुमार उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेताओं ने गांधी व शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**बालोद।** बुधवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बालोद स्थित राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर स्थित घड़ी चौक पर महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गांधी एवं शास्त्री के आदर्शों पर चलने का सदस्यों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने 15 नवंबर से धान खरीदी किए जाने का विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दशहरा के बाद धान कटाई शुरू हो जाएगी, इसलिए खरीदी 1 नवंबर से होनी चाहिए, ताकि किसानों को अपनी उपज को बेचने में कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े। पुरुषोत्तम पटेल ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जाए, नहीं तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करेगी। श्रद्धांजलि सभा में राम जी भाई पटेल, हंसमुख टुवानी, ओमप्रकाश गजेंद्र, गुमान सिंह कुरेटी, रोहित सागर, कमलेश श्रीवास्तव, अनिल यादव, बंटी शर्मा, चमेली साहू सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिरेतरा में स्वच्छता अभियान चला कर दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि



**बालोद।** ग्राम बिरेतरा में स्वच्छता अभियान चला कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजसेवी संस्था युवा मित्र क्लब बिरेतरा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया गया। नवरात्रि पर्व को लेकर शीतला मंदिर के पास एवं प्राथमिक शाला में गांधी प्रतिमा के समीप स्कूल परिसर में सफाई की गई। ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामवासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गांव में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस गांव की स्वच्छता ग्राहियों की सहभागिता से गांव की गलियों की भी साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर जिला भाजपा के महामंत्री राकेश छोटू यादव, युवा मित्र क्लब के अध्यक्ष कुलदीप यादव, ग्राम प्रमुखों में ग्रामीण अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, मानसींग साहू, कवल सिंन्हा, देवलाल साहू, संतु राम साहू, संजय साहू, दिनेश साहू, युवा मित्र क्लब से सिद्धार्थ साहू, गिरधर साहू, विनय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## गुंडरदेही में कांग्रेस ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही।** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में बुधवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दोनों महापुरुषों के आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजु चंद्राकर, पार्षद सलीम खान, रिजवान तिगाला, अभिषेक यादव, उस्मान रजा, लिखन निषाद, उत्तम सोनकर, नरेंद्र चंद्राकर, विद्याधर ठाकुर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**डौंडीलोहारा।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत नया बस स्टैण्ड एवं काली मंदिर के समीप वार्ड क्र.14 के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। अशोक कुमार श्रीवास के निर्देशन में सुरमोहनी कला एवं सांस्कृतिक संस्था के कलाकारों ने आम नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा शपथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे, उप अभियंता उमयंती ठाकुर व समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। बता दें कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कामगारों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।





## अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान



**बालोद।** वनमण्डल कार्यालय परिसर बालोद में अधिकारी-कर्मचारियों ने एक घंटा स्वच्छता श्रमदान किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी बालोद ने अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 8 अक्टूबर तक चलने वाले वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का शुभारम्भ किया।

## ब्लॉक कांग्रेस गुरुर ने मनाई गांधी जयंती



**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने देश में सांप्रदायिक एकता और सौहार्द्रता के नियम पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तामेश्वर साहू, दुर्गू राम सिन्हा, प्रभात धुर्वे, तोशन साहू, भगवान दास, डॉक्टर किशोर साहू, ओंकार महमल्ला, एस कुमार कलिहारी, टोमन दाऊ, ओमप्रकाश यादव सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लिंगेश्वर धाम लिंगोभावर मंदिर सनौद में चला स्वच्छता अभियान



**गुरूर।** भारत माता सेवार्थ न्यास द्वारा स्वच्छता अभियान के अवसर पर लिंगेश्वर धाम लिंगोभावर मंदिर सनौद प्रांगण में स्वयंसेवकों ने सफाई की। इस अवसर पर पुजारी बाबा बिश्मभर दास, सूपेश साहू, लिकेश हिंदू, एकनाथ सर्वा, मितेश साहू, लीला राम, आशीष साहू, संतोष गंगबेर, नीता साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुरुर डामेश्वरी साहू, अध्यक्ष लिंगेश्वर धाम कृष्णा तेजस्वी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## तिलखैरी में मनाई गई गांधी जयंती



**अंडा/बालोद।** ग्राम पंचायत तिलखैरी में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच मीना ठाकुर उपसरपंच राजेश कुमार साहू सचिव अश्वनी साहू पंच केदार देशमुख पंच किरण साहू पंच गिरवर निषाद, सत्यभामा, शकुंतला, रोजगार सहायक सुमन ठाकुर आपरेटर डामेशवरी निषाद रमेश कुमार ग्राम ग्राम कोटवार, देवलाल साहू सहित ग्रामीणों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

## आत्मानंद स्कूल निपानी में ली गई स्वच्छता की शपथ




**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के समापन दिवस पर सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने अपनी संस्था को, अपने गांव, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने की भी शपथ ली।

## विधायक ने वाटर स्प्रिंकल से की प्रतिमाओं की सफाई

**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के तहत मंगलवार को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को जल से नहलाकर कर आस-पास के लोगों को नियमित सफाई करने का आह्वान किया। सेन ने विधानसभा की विभिन्न स्कूल और कॉलेज पहुंच कर स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में लोगों को भागीदारी के लिए एकजुट किया और 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता

# बुजुर्गों व सफाई मित्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर पंचायत में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू एवं उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, पार्षद अनिता साहू, ममता शर्मा, दशोदा भुआर्य, रहिमत कोसमा, अशोक चनाप, झुमुकलाल कोसमा, अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे, उप अभियंता उमयंती ठाकुर ने बुजुर्गों को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी सफाई मित्रों स्वच्छता दीदियों और नागरिकों को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पीपीई किट, साड़ी, ग्लब्स, मास्क, टी-शर्ट, गमबूट प्रदान किया गया। इसके साथ ही रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन, कविता पाठ, क्विज तथा कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।







कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक जितेन्द्र कुमार देशमुख, राजेश कुमार लारेन्द्र, संजय नायक हेमंत साहू आदि शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक डौण्डीलोहारा मोहित भौसार्य ने किया।

